हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024
[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 10वीं में 85% अंक लाने पर छात्रा प्रीति ठाकुर का ...



06 मतदान कर विद्यार्थियों ने जानी मतदान की प्रक्रिया



## संसदीय क्षेत्र में 18 लाख 55 हजार 692 मतदाता करेंगे अभ्यर्थियों की किस्मत का फैसला, सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

# आज ईवीएम में बंद होगी 12 प्रत्याशियों की किस्मत, राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के अलावा अन्य उम्मीदवार चुनावी मैदान में

मिशन 2024 लोकसभा चुनाव के रण में 12 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज ईवीएम मशीन में बंद होगा। संसदीय क्षेत्र के 18 लाख 55 हजार 692 मतदाता अपने पसंदीदा नेता के चुनाव के लिए मताधिकार का उपयोग करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकतंत्र के महापर्व पर होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के मतदाता आज मतदान कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए आहुति देंगें। होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के चुनावी रण में 12 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। संसदीय क्षेत्र के कुल 18 लाख 55 हजार 692 मतदाता ईवीएम मशीन में प्रत्याशियों की किस्मत को बंद करेंगें। इस चुनावी प्रक्रिया के लिए संसदीय क्षेत्र में सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सभी 8 विधानसभाओं के मतदान केन्द्रों पर चुनाव संबंधी सामग्री एवं सुरक्षा व्यवस्था पहुंचाई गई है। देखना यह है कि संसदीय क्षेत्र के मतदाता चुनावी रण में मौजूद प्रत्याशियों में से किसे जीत का सेहरा पहनाते हैं।

### सुबह 5:30 बजे सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल किया जाएगा

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के 8 विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान से पूर्व प्रातः 5:30 बजे सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल किया जाएगा। मतदान के लिए नर्मदापुरम जिले के अंतर्गत आने वाले चारों विधानसभा क्षेत्रों के बूथ के लिए सामग्री का वितरण गुरूवार को निर्धारित स्थान पर प्रातः 7 बजे से किया गया।

### कुल 2203 मतदान केंद्र स्थापित

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिए कुल 2203 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें 119 विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर में 258 मतदान केंद्र, 120 तेंदूखेड़ा में 222 मतदान केंद्र, 121 गाडरवारा में 228 मतदान केंद्र, एवं 140 उदयपुरा में 308 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### जिले में 1187 मतदान केंद्र पर होगा मतदान

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम जिले के लिए कुल 1187 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें 136 सिवनीमालवा विधानसभा अंतर्गत 318 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार 137 होशंगाबाद विधानसभा अंतर्गत 238, 138 सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत 314, 139 पिपरिया विधानसभा अंतर्गत 317 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए छाया तथा पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सभी केन्द्रों में रैम्प, व्हीलचेयर, बिजली, पेयजल, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।



### चुनावी दंगल में 12 प्रत्याशी आमने-सामने

लोकसभा चुनाव के रण में 12 प्रत्याशी अपना अपना भाग्य आजमा रहे हैं। चुनावी प्रक्रिया में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद से चुनाव लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। इस क्रम में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दल में से भारतीय जनता पार्टी दल से अभ्यर्थी दर्शन सिंह चौधरी को कमल का निशान आवंटित किया गया। इसी प्रकार बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी राम गोविंद बरुआ को हाथी का निशान, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी संजय शर्मा उर्फ संजू भैया को हाथ का निशान आवंटित किया गया। पंजीकृत राजनीतिक दल से राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एवं राज्य के राजनीतिक दलों को छोड़कर भारतीय युवा जन एकता पार्टी के अभ्यर्थी पंडित द्विवेन्द्र बृजमोहन दुबे को हीरे का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया, इसी प्रकार भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी माखन सिंह लोधी को बांसुरी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। इन सब के अतिरिक्त अन्य निर्दलीय अभ्यर्थियों जिसमें ज्योति सुरेश झारिया को आरी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया, पत्रकार तिलक जाटव को केतली चुनाव चिन्ह, पंडित बृजेश खेमरिया को एयर कंडीशनर चुनाव चिन्ह, मुकेश यादव को ब्लैक बोर्ड चुनाव चिन्ह, युवराज गव्हाड़े को अलमारी का चुनाव चिन्ह, राकेश राम प्रसाद रिकी को गन्ना किसान का चुनाव चिन्ह एवं सरजेराव सहारे को चारपाई का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।



### 85 वर्ष से अधिक आयु के 11874 मतदाता

संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 85 प्लस आयु वर्ग के कुल 11874 मतदाता शामिल है जिसमें 4431 पुरुष एवं 7443 महिला मतदाता है। संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत 119 नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में 730 85 +पुरुष मतदाता एवं 1301 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 2031 85 +मतदाता है इसी प्रकार 120 तेंदूखेड़ा में 685 पुरुष एवं 1190 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1875 मतदाता है 121 गाडरवारा में 677 पुरुष एवं 1185 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1862 मतदाता 140 उदयपुर अंतर्गत 50097 पुरुष मतदाता एवं 953 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1550 85 + मतदाता है। वहीं नर्मदापुरम जिला अंतर्गत 136 सिवनीमालवा में 468 पुरुष मतदाता एवं 826 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1294 मतदाता 85 + आयु वर्ग के अंदर शामिल है। इसी प्रकार 137 होशंगाबाद अंतर्गत 396 पुरुष 554 महिला कुल 950 मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 421 पुरुष 760 महिला इस प्रकार कुल 1181 मतदाता एवं 139 पिपरिया अंतर्गत 457 पुरुष 674 महिला इस प्रकार कुल 1131 मतदाता 85+ आयु वर्ग के हैं।

### संसदीय क्षेत्र 80 प्लस आयु वर्ग के कुल 28803 मतदाता करेंगें मतदान

संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 28803 है। इसमें 119 नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 4738 मतदाता, 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 4251 मतदाता, 121 गाडरवारा अंतर्गत 4413 मतदाता, 140 उदयपुर अंतर्गत 3870 मतदाता है। वहीं जिले में 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 11531 है इसमें 136 सिवनी मालवा अंतर्गत 324 137 होशंगाबाद अंतर्गत 2637 138 सोहागपुर अंतर्गत 2825, 139 पिपरिया अंतर्गत 2865 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाता है।

### होशंगाबाद में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 17446

संपूर्ण संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद अंतर्गत कुल 17446 दिव्यांग मतदाता है जिसमें 119 नरसिंहपुर वि. स क्षेत्र अंतर्गत 1690 पुरूष 1333 महिला इस प्रकार कुल 3023 मतदाता, 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 1346 पुरुष 1021 महिला इस प्रकार कुल 2367 मतदाता है, 121 गाडरवारा अंतर्गत 1366 पुरुष 1022 महिला इस प्रकार कुल 2388 मतदाता, 140 उदयपुरा अंतर्गत 1784 पुरुष 854 महिला इस प्रकार कुल 2638 दिव्यांग मतदाता हैं।

### जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 9418 हैं

नर्मदापुरम जिले में 136 वि.स. क्षे सिवनिमालवा अंतर्गत 1743 पुरुष 938 महिला इस प्रकार कुल 2681 मतदाता, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 1265 पुरुष 836 महिला इस प्रकार कुल 2101 मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 1580 पुरुष 887 महिला इस प्रकार कुल 2467 मतदाता, 139 पिपरिया अंतर्गत 1367 पुरुष 802 महिला इस प्रकार कुल 2169 दिव्यांग मतदाता हैं।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, प्रत्येक वाहन में जीपीएस, वाहन किए गए अधिग्रहित

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक मतदान दल के साथ पुलिस दल भी तैनात रहेगा। इसके साथ ही सेक्टर अधिकारी एवं मतदान दलों को लेकर जाने वाले प्रत्येक वाहनों में जीपीएस लगाया गया है। प्रत्येक वाहन की लोकेशन कंट्रोल रूम में ट्रेक की जाएगी। मतदान केन्द्रों में भी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है। मतदान दलों के लिए वाहन अधिग्रहित किए गए हैं। जिनका उपयोग मतदान दलों को मतदान स्थल तक आवागमन के लिए किया जाएगा।

### नजर रखने 229 माईक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त

लोकसभा निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए नर्मदापुरम जिले में कुल 229 माईक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जानकारी के अनुसार 207 माईक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। जिले में 22 माईक्रो ऑब्जर्वर रिजर्व रखे गए हैं।

### 18 से 19 वर्ष के 61479 मतदाता पहली बार करेंगे मतदान

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद के 18 से 19 आयु वर्ग के 61479 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें 119 नरसिंहपुर अंतर्गत 5817, 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 4995 मतदाता, 121 गाडरवारा अंतर्गत 5644 मतदाता, 136 सिवनी मालवा अंतर्गत 9384 मतदाता, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 6672 मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 8577 मतदाता, 139 पिपरिया अंतर्गत 9149 मतदाता एवं 140 उदयपुर अंतर्गत 11241 युवा मतदाता लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### होशंगाबाद अंतर्गत कुल 526 क्रिटिकल मतदान केंद्र है

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र होशंगाबाद में कुल 526 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल मतदान केंद्र चिन्हित किया गया है। इनमें 119-नरसिंहपुर अंतर्गत 12 शहरी 43 ग्रामीण इस प्रकार कुल 55 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल मतदान केंद्र चिन्हित किया गया है। इसी प्रकार 120 -तेंदूखेड़ा अंतर्गत 2 शहरी तथा 61 ग्रामीण इस प्रकार कुल 63 केंद्र, 121-गाडरवारा अंतर्गत 16 शहरी 50 ग्रामीण इस प्रकार कुल 66 केंद्र, 140-उदयपुर अंतर्गत 15 शहरी 120 ग्रामीण इस प्रकार कुल 135 केंद्रों को क्रिटिकल मतदान केंद्र घोषित किया गया है। वहीं जिले में 136 - सिवनी मालवा अंतर्गत 3 शहरी 52 ग्रामीण इस प्रकार कुल 55 मतदान केंद्र क्रिटिकल मतदान केंद्र घोषित किए गए हैं, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 31 शहरी 19 ग्रामीण इस प्रकार कुल 50 मतदान केंद्र, 138 सोहागपुर अंतर्गत तीन शहरी 49 ग्रामीण इस प्रकार कुल 52 मतदान केंद्र, 139 पिपरिया अंतर्गत 11 शहरी 39 ग्रामीण इस प्रकार कुल 50 मतदान केंद्र क्रिटिकल मतदान केंद्र घोषित किए गए हैं।

### सेक्टर अधिकारियों ने संभाला निर्वाचन प्रक्रिया के लिए मोर्चा

नर्मदापुरम जिले में सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रत्येक सेक्टर अधिकारी के साथ पुलिस अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

### जिले में 607 बूथों पर होगी वेबकास्टिंग

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से संपूर्ण व्यवस्था की जा रही है। साथ ही निर्वाचन कार्य की निगरानी के लिए भी वेबकास्टिंग और सीसीटीव्ही का सहारा लिया जा रहा है। नर्मदापुरम जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले 1187 मतदान केन्द्रों में से 607 बूथ में वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा 19 अन्य बूथों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही संपूर्ण लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 अंतर्गत कल 1201 बूथ में वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है एवं 6 बूथ पर सीसीटीवी की व्यवस्था भी रहेगी।

### 8 विधानसभा क्षेत्रों के 18 लाख 55 हजार 692 मतदाता करेंगे मतदान

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत कुल आठ विधानसभा क्षेत्र जिसमें सिवनीमालवा होशंगाबाद सोहागपुर पिपरिया नरसिंहपुर तेंदूखेड़ा गाडरवारा एवं उदयपुर के 18 लाख 55 हजार 692 मतदाता मतदान करेंगे। इसमें विधानसभा क्षेत्र 119 नरसिंहपुर अंतर्गत 119544 पुरुष मतदाता 114452 महिला मतदाता एवं 5 थर्ड जेंडर मतदाता इस प्रकार कुल 234001 मतदाता मतदान करेंगे। इसी प्रकार 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 98592 पुरुष, 91878 महिला 2 थर्ड जेंडर इस प्रकार 190472 कुल मतदाता, विधानसभा क्षेत्र 121 गाडरवारा अंतर्गत 111975 पुरुष 103423 महिला 4 थर्ड जेंडर इस प्रकार 215402 कुल मतदाता, 136 सिवनीमालवा अंतर्गत 128057 पुरुष 118775 महिला 9 थर्ड जेंडर इस प्रकार कुल 246841 कुल मतदाता, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 113315 पुरुष मतदाता 110547 महिला मतदाता 16 थर्ड जेंडर इस प्रकार 223878 कुल मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 128188 पुरुष 116350 महिला 7 थर्ड जेंडर इस प्रकार 244545 कुल मतदाता, 139 पिपरिया अंतर्गत 121170 पुरुष 113688 महिला 5 थर्ड जेंडर इस प्रकार 234863 कुल मतदाता, तथा 140 उदयपुर अंतर्गत 137812 पुरुष 127873 महिला 5 थर्ड जेंडर इस प्रकार कुल 265690 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसी तरह जिले में कुल पंजीकृत मतदाता 950127 है। जिसमें 490730 पुरुष मतदाता, 459360 महिला मतदाता एवं 37 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जिले में 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 33782 मतदाता पंजीकृत हैं। जिले में सर्वाधिक मतदाता प्रतिशत 30 से 39 आयु वर्ग के मतदाताओं का है जो कि कुल 239489 पंजीकृत मतदाता है। वहीं 17446 पीडब्ल्यूडी तथा 2470 सर्विस वोटर मतदाता होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में कुल 17446 दिव्यांग तथा 2470 सर्विस वोटर हैं। जानकारी के अनुसार 119 नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 173 सर्विस वोटर है। इसी प्रकार 120 तेंदूखेड़ा में 74, 121 गडरवारा में 149, 140 उदयपुरा में 184 सर्विस वोटर्स हैं। वही जिले में 136 सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 551, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 385, 138 सोहागपुर अंतर्गत 579, एवं 139 पिपरिया अंतर्गत 375 सर्विस वोटर्स हैं।

### जिले की चारों विधानसभा में स्थापित किए गए आदर्श मतदान केंद्र

लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिले की चारों विधानसभाओं के लोकसभा निर्वाचन 2024 के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 136 सिवनीमालवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 25 आदर्श मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं जो की मतदान केंद्र क्रमांक 22 खल्ली, केंद्र क्रमांक 25 शिवपुरी, केंद्र क्रमांक 35 खपरिया, केंद्र क्रमांक 68, 69, 70, 71, 72 बानापुरा, केंद्र क्रमांक 76 बराबर कला केंद्र क्रमांक 78, 80, 81, 82, 86, 88 सिवनीमालवा, केंद्र क्रमांक 100 अमलाडाकला, केंद्र क्रमांक 141 मालापाट,केंद्र क्रमांक 167 सातवासा, केंद्र क्रमांक 175 झिल्लाय, केंद्र क्रमांक 184 चौतलाय, केंद्र क्रमांक 215 डोलरिया, केंद्र क्रमांक 263,264 पथरोटा, केंद्र क्रमांक 286,287 केसला हैं। इसी प्रकार 137 होशंगाबाद अंतर्गत 25 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। 138 सोहागपुर में मतदान केंद्र क्रमांक 2 शुक्करवाड़ा, केंद्र क्रमांक 45 सांगाखेड़ा कला, केंद्र क्रमांक 52 आरी, केंद्र क्रमांक 71 गुराडिया कला, केंद्र क्रमांक 73 मूढ़ापार, केंद्र क्रमांक 76 चीचली कला, केंद्र क्रमांक 77, 79, 80 बाबई, केंद्र क्रमांक 90 शुक्करवाड़ा फॉर्म, केंद्र क्रमांक 93 सुआखेड़ी, केंद्र क्रमांक 95 पवार खेड़ा खुर्द, केंद्र क्रमांक 109 नया साकोट, केंद्र क्रमांक 127 बागरा मानागांव, केंद्र क्रमांक 128 सोनतलाई, केंद्र क्रमांक 137 रामपुर, केंद्र क्रमांक 139 पाहनवर्री, केंद्र क्रमांक 145 सनखेड़ा, केंद्र क्रमांक 160 गुर्रा, केंद्र क्रमांक 182, 183 सेमरी हरचंद, केंद्र क्रमांक 234 अजनेरी, 235 शोभापुर, केंद्र क्रमांक 250 गुर्जरखेड़ी, केंद्र क्रमांक 254 कलमेसरा, केंद्र क्रमांक 270 करणपुर, केंद्र क्रमांक 272, 278, 283, 287 सोहागपुर, केंद्र क्रमांक 291 चीचली, केंद्र क्रमांक 296 बमोरी खुर्द, केंद्र क्रमांक 302 सीटीयागोहना में आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र 139 पिपरिया अंतर्गत 7 शहरी तथा 17 ग्रामीण इस प्रकार कुल 24 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। केंद्र क्रमांक 87, 88, 89, 121, 122 पिपरिया एवं 281, 284 बनखेड़ी में शहरी आदर्श मतदान केंद्र तथा केंद्र क्रमांक 3 सांडिया, केंद्र क्रमांक 55 हाथवास, केंद्र क्रमांक 77,78 राई खेड़ी, केंद्र क्रमांक 128 बनवारी, केंद्र क्रमांक 169 मटकुली, केंद्र क्रमांक 187 वाचावानी, केंद्र क्रमांक 208 उमरधा, केंद्र क्रमांक 229 करपा, केंद्र क्रमांक 247 चांदोंन, केंद्र क्रमांक 261,262 माल्हनवाडा, केंद्र क्रमांक 265 जुन्हेटा, केंद्र क्रमांक 267 पलिया पिपरिया, 293 कामती एवं 309 पीपरपानी में ग्रामीण आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### 218 केन्द्रों पर महिलाएं करेंगी संचालन

लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में 218 मतदान केदो का संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा वहीं संपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 393 ऐसे मतदान स्थल ऐसे हैं जिनको महिला मतदान कर्मी संचालित करेंगे। इन मतदान केन्द्रों के मतदान दल में सभी महिला सदस्य हैं। जानकारी के अनुसार ठीक है 596 नरसिंहपुर में मतदान स्थलों का संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा इसी प्रकार तेंदूखेड़ा में 15 गाडरवारा में 15 सिवनी मालवा में 25 होशंगाबाद में 125 सोहागपुर में 30 पिपरिया में 38 एवं उदयपुर में 130 मतदान स्थल महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे। वही उदयपुर में एक बूथ का संचालन दिव्यांगों द्वारा किया जाएगा। मतदान दलों में शामिल महिला अधिकारियों में मतदान को लेकर खासा उत्साह है। इन बूथों में महिला दलों के आवास एवं सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन द्वारा समुचित इंतजाम किए गए हैं।

---

## शत प्रतिशत मतदान के लिए सारिका ने दिया जागरूकता का संदेश

# आज लोकतंत्र के धर्म को निभाने का दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईवीएम से वोट देने के लिये तो उसकी नीली बटन दबाने उंगली की जरूरत होती है फिर आंख एवं कान की बात क्यो कही जा रही है । इस बारे में मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने एक चलित मॉडल की मदद से ईवीएम तथा वीवीपेट की कार्यप्रणाली को आम लोगों के सामने प्रदर्शन किया । कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में चलाये जा जा रहे स्वीप कार्यक्रम में सारिका घारू ने प्रयोग डिमांस्ट्रेशन करते हुये बताया कि जैसे ही आप ईवीएम पर अपने पसंद के प्रत्याशी की नीली बटन दबायेगे मशीन से एक लंबी बीप की आवाज सुनाई देगी जो इस बात की पुष्टि होगी कि आपका वोट मशीन में दर्ज हो चुका है । इसके साथ ही ईवीएम के बगल में रखी वीवीपेट मे बनी कांच की खिड़की मे लाईट के साथ लगभग 7 सेकंड तक एक पर्ची दिखाई देगी जिसमें उस प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह होगा जिसे आपने वोट दिया है । यह पर्ची मशीन के अंदर ही कट कर एक सील बंद बॉक्स मे गिर जायेगी , बाहर नहीं निकलेगी । इसे अपनी आंखों से देख कर आप पूरी तरह संतुष्ट हो सकेंगे । इस तरह उंगली के साथ कान एवं ऑख के प्रयोग से आप महसूस कर सकेगे संतुष्टि सही मतदान की। सारिका ने बताया कि शुकवार को मतदान प्रातः 7 बजे आरंभ हो रहा है इसमें आप तो मतदान करें ही साथ ही अपने रिश्तेदारों एवं परिचितों को भी करे प्रेरित । लोकतंत्र के धर्म को निभाने का दिन है यह।




### क्या है वीवीपेट

इसका पूरा नाम वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल है । इसको आम चुनाव 2014 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तथा 2019 के आम चुनाव में सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में उपयोग किया गया। तब से इसका उपयोग जारी है ।

# जिले में सेंट पॉल्स स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र बोर्ड के रिजल्ट में सेंट पॉल्स इंग्लिश मीडियम स्कूल जिले की मेरिट लिस्ट में रहा। आर्ट ग्रुप से प्रांजल वर्मा 93 प्रतिशत हासिल कर जिले की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ सक्षम सिंह राजपूत ने साइंस ग्रुप में 93 प्रतिशत प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10वीं क्लास में 92 प्रतिशत से चारु कुशवाहा ने संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 12वीं कक्षा के 23 से अधिक विद्यार्थी 80 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण हुए। 32 विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी से अंक प्राप्त किए हैं। खुशी बानखेड़े 92 प्रतिशत, काव्य सराठे 90.4 प्रतिशत, कार्तिकेय तिवारी 90 प्रतिशत, चांदनी मखीजा 89 प्रतिशत, सौम्या गौर 87 प्रतिशत, अरुणिमा गोहला 87.2 प्रतिशत, मोहनी लोवंशी 86 प्रतिशत, कुशाग्र चौरे 86 प्रतिशत, सृष्टि धुर्वे 85 प्रतिशत, अजरा शेख 84 प्रतिशत, आदित्य सिन्हा 84 प्रतिशत, नेहा रघुवंशी 82.2 प्रतिशत, राखी विश्वकर्मा 83 प्रतिशत, सुहानी राजपूत 81प्रतिशत, अश्मित शर्मा 81 प्रतिशत, सैयद साद हसन 81 प्रतिशत, क्रिश भूमरकर 81 प्रतिशत, जागृति सोनी 81 प्रतिशत, जय साहू 80 प्रतिशत, सृजन यादव 80.2 प्रतिशत हासिल किए। 10वीं कक्षा के अधिकतर विद्यार्थी 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। 52 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी अंक प्राप्त किए। हंसिका निगम 90 प्रतिशत, सानू जैसवाल 89 प्रतिशत, सृष्टि रैकवार 87 प्रतिशत, अक्षय बिल्लौरे 88 प्रतिशत, अंशिका गोलियां 86 प्रतिशत, नव्या जायसवाल 84.4 प्रतिशत, चंदन सिंह तोमर 84 प्रतिशत, मंजू त्रिवेदी 82.2 प्रतिशत, आयुष मालवीय 82 प्रतिशत, अस्मिका राजपूत 81 प्रतिशत, मोहित केवट 80 प्रतिशत प्राप्त किए। संस्था का बोर्ड परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य जेंसी निजु अन्ब्राहिम एवं सभी शिक्षकों ने बधाई दी है।

### सनराइज स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**नर्मदापुरम।** कोठी बाजार स्थित सनराइज स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खुशी बड़कुले 88%, प्रिया यादव 82.8%, ऐश्वर्या बैरागी 82.8%, कार्तिक पटेल 82.6%, कपिल गौड़ 82.2%, विशाखा यादव 81% मान्या धोलपुरे 80%, आस्था सरेआम 78.8%, साहिल चौकसे 77.2% प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया। हाई स्कूल परीक्षा में भी अनुराग कुशवाह 83.6%, राज मनेश्वर 83.2%, अनीता यादव 78.8%, नमामि मुद्गल 75.6%, प्राप्त किया। संस्था के डायरेक्टर अभिषेक दुबे ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाइयां प्रेषित की गई। बोर्ड परीक्षा पांचवीं एवं आठवीं में संस्था का परिणाम शत प्रतिशत रहा सभी विद्यार्थी उच्चतम अंक प्राप्त कर सफल रहे।

### कॅरियर हायर सेकंडरी स्कूल के 12वीं का रिजल्ट 98% रहा

**नर्मदापुरम।** कॅरियर हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का इस वर्ष भी शानदार रिजल्ट रहा। शाला के होनहार छात्र गौरव गिरि गोस्वामी ने जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शाला का 12वीं का रिजल्ट 98% रहा जिसमें 97% विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में रहे। इसी तरह कक्षा 10वीं का रिजल्ट 97% रहा जिसमें 95% विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में आए। कक्षा 8वीं का रिजल्ट 100% रहा, सभी विद्यार्थी 100% लेकर प्रथम श्रेणी में आए। कक्षा 5वीं का रिजल्ट 99% रहा, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने 99% अंक लाकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस उपलब्धि पर सभी छात्र-छात्राओं को शाला डायरेक्टर एवं प्राचार्य बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सेंट जेवियर्स स्कूल का शानदार रिजल्ट, बच्चों ने रचा इतिहास, कक्षा 12वीं के 7 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

नर्मदापुरम प्रताप नगर रसूलिया स्थित सेंट जेवियर्स हायर सेकंडरी स्कूल का रिजल्ट अव्वल रहा। शाला में कक्षा 12वीं के 7 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए प्रखर श्रोती 82%, सृष्टि चौहान 81%, प्रेरणा साहू 79%, राधिका गौर 78%, प्रशांत सोनी 77%, सचिन मौर्य 74%, कृष्णा पचौरी 73% प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में कशिश पटेल 80%, दिव्यानी चौहान 79%, कक्षा 8वीं में दर्शना राजपूत 83%, मयंक खाड़े 77%, सुप्रिया पवार 74%, हर्षिता सराठे 73%, प्रियांशी गोहिया 72%, अनुराग कटारे 70%, कक्षा 5वीं में खुशल सिंह पटेल 79%, मोहिनी कुशवाहा 76%, अनन्या दास 72%, सार्थक विश्वकर्मा 72%, मानवी मीना 71%, टीशा शर्मा 70% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर शाला का नाम गौरवांवित किया।

## खबर संक्षेप

### किसान का बेटा बगैर कोचिंग बना टॉपर

**शाहपुर।** बचपन से ही पढ़ाई के प्रति रुचि रखने वाले बैतूल जिले के शाहपुर ब्लॉक के ग्राम भयावाड़ी के किसान सुनील वर्मा के बेटे सागर वर्मा ने हायर सेकेंडरी स्कूल में 95% अंक लाकर अपने परिवार एवं ग्राम का नाम रोशन किया ही साथ ही जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर बैतूल जिले का नाम भी रोशन किया है। सागर वर्मा के पिता सुनील वर्मा का कहना है कि सागर वर्मा बचपन से ही पढ़ाई में काफी तेज एवं कक्षा में हमेशा ही प्रथम आता रहा है। इसी रुचि को देखते हुए हम उसे घर के किसी अन्य काम में नहीं लगाते हैं एवं उसे पढ़ाई एवं फ्यूचर के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं ताकि अपने सपनों को कामयाब कर सके एवं अपने परिवार व ग्राम का नाम पूरे प्रदेश एवं देश में रोशन कर सके।

### परशुराम जयंती को लेकर बैठक संपन्न

**सारनी।** पुलिस लाइन स्थीर हनुमान मंदिर प्रांगण में ब्राह्मण समाज की बैठक संपर्क हुई इस बैठक में अक्षय तृतीया 10 मई को भगवान परशुराम जन्म उत्सव मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। सारणी ब्राह्मण समाज के माध्यम से भगवान परशुराम जन्म उत्सव अक्षय तृतीया के रूप में भी मानने का कार्य करते समाज के लोगों के माध्यम से रूपरेखा बनाई जिसमें समाज के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे और सर्व सहमति से निर्णय लिया गया की जयंती वाले दिन सुबह भगवान परशुराम का अभिषेक सुंदरकांड का पाठ और तत्पश्चात भोजन प्रसादी की जाएगी समाज के पदाधिकारी ने शहर के सभी विपरीत बंधुओ से आयोजन में जाकर सफल बनाने की अपील की है। भगवान परशुराम जन्म उत्सव का आयोजन किस तरह किया जाएगा इस बैठक में दीपक तिवारी,अनिल शर्मा,प्रवीण पचोली, श्रीकांत दुबे,पंकज उपाध्याय,डी एन दुबे, स्वदेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी इस बैठक में उपस्थित थे।


### कमल नारायण जायसवाल का निधन



**बैतूल।** अपने जमाने के प्रसिद्ध फोटोग्राफर कमल नारायण जायसवाल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार दोपहर 1 बजे उनके निज निवास सिविल लाईस बैतूल से निकाली गई एवं अंतिम संस्कार गंज मोक्षधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गणमन नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, मित्रगण एवं परिजन शामिल हुए। जायसवाल के निधन पर परिजनों, शुभचिंतकों, इष्ट मित्रों, सामाजिक बंधुओं ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए, और शोक संतृप्त परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की है।

### सारनी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर का निधन

**सारनी।**भारतीय जनता पार्टी के पूर्व



मण्डल अध्यक्ष गौरी शंकर सिंह कोयला कामगार के रूप में पाथाखेड़ा की भूमिगत पीके वन खदान में लंबे समय तक कार्यरत रहे तथा भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष थे। वे सेवानिवृत्त होकर वर्तमान में अपने गृह निवास उत्तरप्रदेश के गाजीपुर जिले के ग्राम बगही में रह रहे थे। उनका स्वास्थ्य खराब होने पर परिजन उन्हें उपचार के लिए वाराणसी ले गए जहां उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली उनका अंतिम संस्कार गाजिपूर मे हुआ। विधायक प्रतिनिधी रंजीत सिह ने उनके शोक जताते हुए कहा की कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा सारनी शोभापुर में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई उनके छोटे भाई स्व.रविन्द्र सिंह भी भाजपा मंडल सारनी के अध्यक्ष थे। उनके समय स्व. राधेश्याम अग्रवाल, पीजे शर्मा, रमेश गिरी, स्व.रविन्द्र सिह, सुनील शर्मा,कुमकुम बुन्देला, सुदामा सिह, महेश गोस्वामी,स्व. नारायण राठौर, स्व.राजभान सिह राणा ने क्षेत्र मे भाजपा का जनाधार बढ़ाने का कार्य किया।

---

## हालत गंभीर, निजी अस्पताल में चल रहा है उपचार

# दसवीं के छात्र ने फेल होने पर जहर खाया, गंभीर हालत में भर्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

कक्षा दसवीं की नाबालिग छात्र को जहरीला पदार्थ सेवन करने के कारण गंभीर अवस्था में मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से उसे रेफर करने के बाद में नगर के एक निजी अस्पताल में लाया गया है।

उक्त युवक कक्षा दसवीं का छात्र है और परीक्षा परिणाम मे वह फेल हो गया था जिसके चलते कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजन उसे गंभीर हालत में मुलताई के एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर आए हैं। जहां उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है की छात्र की हालत गंभीर है, और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। डॉक्टर का कहना है कि कीटनाशक से बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि छात्र दुनावा निवासी है जिसकी उम्र 16 साल है। परिजनों का कहना है कि वह लोग एक शादी में गए हुए थे और रात में जब घर पहुंचे तो बच्चा बेहोश पड़ा था जिसके बाद उसे पहले मुलताई की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है जहां उसका उपचार जारी है। डॉक्टर का कहना है की छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है उसे आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया है। इधर बालक के पिता का कहना है कि रिजल्ट आने के पहले उन्होंने बच्चों से कहा था कि वह भी हमारे साथ शादी में चले, लेकिन अमन ने शादी में जाने से मना कर दिया और कहा कि आप लोग शादी से आ जाइए मैं घर पर ही रहूंगा। परिणाम आने से पहले ही वो मायूस हो गया था, परिजनों ने उसे समझाया था कि मेहनत करके परीक्षा पास की जा सकती है, इसलिए तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है।

## ट्रक की टक्कर से महिला की गई जान

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवकों को कुचला दो लोगों की मौत

**बैतूल।** जिले में वाहनों से हादसे होने का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। वाहनों को ओवरटेक करने और कुछ जगह खस्ताहाल सड़क इन हादसों का कारण बन रहे हैं। शाहपुर में पिछले 24 घंटे में जिले के दो स्थानों पर अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की जान चली गई। एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। पहला हादसा चिचोली थाना क्षेत्र के दामजीपुरा के पास हुआ। यहां बुधवार रात एक ट्रैक्टर ने बाईक सवाल दो युवकों को कूचल दिया। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। हादसा झिरना बटकी और गुल्लरढाना के बीच का है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भीमपुरखंड के दामजीपुरा के पास ग्राम झिरना बटकी और गुल्लरढाना के बीच ट्रैक्टर ने बाईक को टक्कर मार दी। हादसे में नहरपुर निवासी मुकेश पिता रामू काकोयिा (22) और संतोष पिता लालसिंह (24) की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान गुल्लरढाना और झिरना बटकी के पास तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर को उन्होंने ओवरटेक किया। जैसे ही ओवरटेक किया वैसे ही जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज रफ्तार में हुई कि दोनों बाइक सवार युवक कई दूर तक जा गिरे। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चिल्लौर से भंवईपुर जा रहा था। सूचना मिलते ही ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। दोनों के शव का पंचनामा बनाकर कार्यवाही करने के बाद भीमपुर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाए गए हैं। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर विवेचना शुरू कर दी है।

### मायके जा रही महिला की मौत

नेशनल हाईवे पर गुरुवार की दोपहर को सड़क दुर्घटना में अपने मायके जा रही महिला की मौत हो गई। बाइक चालक गंभीर अवस्था में घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सातलदेही निवासी प्रमोद अपनी पत्नी रामप्यारी के साथ अपने ससुराल सुखतवा जा रहा था। धाप?ा जो? के पास ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी और भागने लगा। इस दौरान ट्रक का पहिया महिला के पैर के ऊपर से गुजर गया। घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन चला रहे पति प्रमोद के चेहरे एवं हाथ और पैर में चोट आई है। घटना की जानकारी मिलते ही भौंरा पुलिस घटनास्थल पहुंची और पति-पत्नी को अस्पताल पहुंचाया। जहां घायल प्रमोद का इलाज जारी है।

## दो पड़ोसियों का मामला

# बेटी की लव मैरिज से नाराजगी लड़के के पिता को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बेटी के लव मैरिज करने से नाराज एक दम्पती ने लड़के के बीमार पिता की पिटाई कर दी है। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मुलताई निवासी नंदकिशोर चोपड़े के बेटे अमन ने सात महीने पहले पड़ोस की स्वजातीय युवती से शादी कर ली थी। घर से भागे इस जोड़े ने लव मैरिज करने के बाद कुछ दिन पहले ही घर वापसी की थी। नंदकिशोर ठेकेदारी का काम करता था, लेकिन कुछ दिन पहले वह पैरालिसिस से पीड़ित हो गया था। अमन के घर वापस लौटने की खबर मिलने पर बुधवार पड़ोस में रहने वाले दंपती ने अपने बेटे और उसके एक अन्य साथी के साथ नंदकिशोर के घर में पिछले दरवाजे से घुसकर जमकर पिटाई कर दी। इस पिटाई में नंदकिशोर को सिर में गंभीर चोट आई है। उसे पहले मुलताई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां से उन्हें रात में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मुलताई पुलिस को घटना की तहरीर भेजी गई है। जिस आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## बड़ी माता मंदिर में चोरी की घटना, चोरों ने तोड़ी दान पेटी



बैतूल। चोरी की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं। विगत दिनों बीएसएनएल आफिस के पास शनि मंदिर में चोरी की घटना हुई थी। अब ताजी घटना गंज के प्राचीन बड़ी माता मंदिर की है। मंदिर समिति के प्रवीण पम्मा विहारे ने बताया कि चोरी की सूचना गंज थाना प्रभारी को दे दी गई है। सचिव नितिन पप्पू शर्मा ने बताया कि 24 अप्रैल की दरमियानी रात में बड़ी माता मंदिर गंज में चोरी की घटना कारित हुई है। योगेश यागू शर्मा ने बताया कि मंदिर की दो दान पेटियों को अज्ञात चोर के द्वारा तोडकर उसमें से लगभग 20 हजार रूपए की चोरी हुई है। सोमेश त्रिवेणी के बताया कि इस चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है। आवेदन में अज्ञात चोरों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### तन्वी बघेल ने कक्षा 12वीं में कला संकाय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

शाहपुर । मुख्यालय से लगभग 6किमी दूर स्तिथ ग्राम भयावाडी के चौकी मोहल्ले ढाना की कु तन्वी बघेल जो की शाहपुर के कन्या उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा है। कक्षा 12वीं में कला संकाय विषय में 89% प्राप्त कर शाला का, ग्राम का,तहसील का,बैतूल जिले में एवं शाला में प्रथम स्थान 500में से445अंक अर्जित कर प्राप्त कर नाम रोशन किया। तन्वी बघेल के द्वारा बताया, वह प्रतिदिन साइकिल से ग्राम भयावाडी से शाहपुर तक साइकिल से आना जाना करती थी। एवं इसके पश्चात घर जाकर मां-बाप के घर के कामों में मदद करती थी। एवं अपनी पढ़ाई भी साथ में 4 से 6घंटे जारी रखती थी। प्राचार्य वीके नामदेव, एवं शिक्षिकाओं, शिक्षकों ने मार्गदर्शन दिया।

# दो दुर्घटनाओं में चार लोग घायल


## बाइक से गिरकर 3 घायल, बालिका पर गिरी पेड़ की डाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

क्षेत्र में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है गुरुवार को अलग-अलग दो दुर्घटना हुई जिसमें एक 15 साल की लड़की के ऊपर जामुन की डाली गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई वही बैतूल से मुलताई मालेगांव अपने घर आ रहे हैं एक परिवार की मोटरसाइकिल मोही ग्राम के पास हाईवे पर अनियंत्रित हो गई जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार एक परिवार मोटरसाइकिल से बैतूल से मालेगांव आ रहा था कि ग्राम मोही के पास अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई जिसमें सुनील पिता साहेबराव खंडारे उम्र 40 निवासी मालेगांव को गंभीर चोट आई है एवं, लक्ष्मी खंडारे पिता सुनील 14 वर्ष निवासी मालेगांव, प्रियांशु वागमारे पिता संजय उम्र 15 वर्ष निवासी मालेगांव को मामूली चोट है। जिन्हे 108 एम्बुलेंस के ईएमटी महेश झलिये के द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए पायलेट अजब राव साहू के साथ मुलताई सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

**पेड़ की डाल गिरने से बालिका हुई घायल :** अंबरी निवासी 15 वर्षीय बालिका जामुन के पेड़ से डाल टूटकर गिराने से गंभीर गंभीर रूप से घायल हो गई। समीक्षा पिता प्रकाश गाठे पट्टन ब्लॉक में जामुन के पेड़ से बंधी बकरी को छोड़ने गई थी उसी समय जामुन की डाल टूट कर उस पर गिरने से पीठ में फ्रैक्चर हो गया। प्रभात पट्टन के सरकारी हॉस्पिटल में साथ भर्ती करवाया गया।



### बीआरए शिक्षा महाविद्यालय का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत





बैतूल। भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल का वर्ष 2023-24 का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। जिसमें योगिता कालभोर 92 प्रतिशत प्रथम श्रेणी में श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसके अलावा प्रथम स्थान पर रूपाली बनखेडे, द्वितीय स्थान पर कृतिका यादव, रोशनी देशमुख 91 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर निवेदिता, त्रिपाठी 91 प्रतिशत के साथ रहे। कॉलेज के संचालक ध्रुव प्रकाश अग्रलवाल तथा कालेज प्रबंधन, प्राचार्य एवं सभी स्टाफ ने छात्र -छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे बधाई दी है।

# दुनावा में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि

## शादी का टेंट उड़ा, पेड़ टूटे ,दो लोग घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



क्षेत्र में मौसम की बेरुखी का दौर जारी है बीते तीन दिनों से मुलताई नगर सहित आसपास के क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हो रही वर्षा और ओलावृष्टि ने जन जीवन अस्त-व्यस्त कर रखा है। क्षेत्र में हो रही बे -मौसम बरसात, तेज आंधी ,ओलावृष्टि ने एक बार फिर किसनो की चिंताएं बढ़ा दी है। बीती रात दुनावा में आंधी तूफान के साथ बहुत तेज बारिश हुई साथ ही बेर के आकार के ओले भी गिरे । हवाओं की रफ्तार का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि आंधी तूफान से कई पेड़ उखड़ गए और अनेक पेड़ों की डालियां टूट कर रोड पर गिर गई। कई दुकानों के टीन सेट भी उड़ गए। दुनावा से दुनाई पहुंच मार्ग पर एक पेड़ गिरने के कारण रोड जाम हो गया जिसे गुरुवार सुबह जेसीबी द्वारा हटाकर रोड का आवागमन शुरू किया गया। साथ ही दुनावा में पलाश कड़वे के फार्म हाउस पर दुनावा के ही परसराम साहु की बेटी की शादी थी बारात मंडप में पहुंचने वाली थी कि तेज बारिश और आंधी आने लगी जिससे बाराती रास्ते में ही रुक गए और शादी का पूरा मंडप और टेंट उखड़ गए जिससे टेंट के दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हो गए जिन्हें तत्काल ही मुलताई स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## डॉक्टर की पढ़ाई जटिल है लेकिन विद्यार्थी पढ़ने में तेज है

# 10वीं में 85% अंक लाने पर छात्रा प्रीति ठाकुर का सम्मान

**सारनी।** शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल पाथाखेड़ा में बुधवार शाम 4 बजे कक्षा दसवीं के परिणाम घोषित हुए जिसमे ग्राम भारती परिवार में कार्यरत राजकुमार ठाकुर कि बिटिया कु. प्रीति ठाकुर ने 500 में से 426 सभी विषयों में विशेष योग्यता अंक प्राप्त करके अपने माता पिता का नाम रोशन किया और इस सफलता का श्रेय अपनी मां रासमनी और पिता राजकुमार ठाकुर को देते हुए कहा कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने उसका खूब मनोबल बढ़ाया। प्रीति ने बताया की वह आगे जाकर डॉक्टर बनना चाहती है। प्रीति के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए ग्राम भारती महिला मंडल परिवार द्वारा उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष भारती अग्रवाल ने अपने शब्दो में कहा कि बेटियां वर्तमान समय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीन है। बेटी पढ़ेगी,तभी तो आगे बढ़ेगी और वह अपने कुल का नाम रोशन करेगी। उन्होंने कहा कि मध्यवर्ती परिवार में रहने के बाद 85% अंक अर्जित करने का काम उनके माध्यम से किया गया है।



# टीआरएस स्कूल की 10वीं की छात्रा खुशबू जायसवाल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

### प्रसिद्ध शिक्षाविद् केबी सिंह के मार्गदर्शन में संचालित टीआरएस स्कूल



सारनी। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का ठाकुर रघुराज सिंह हाई सेकेंडरी स्कूल बगडोना का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्रसिद्ध शिक्षाविद् के.बी.सिंह के मार्गदर्शन में संचालित टीआरएस स्कूल में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 86 प्रतिशत रहा। आठ विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिसमें राजकुमार जायसवाल की पुत्री खुशबू जायसवाल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। मनोहर सिंह की पुत्री मयंकिता सिंह ने 70.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा छोटेलाल की पुत्री संध्या ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल का कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 61 प्रतिशत रहा। सात विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कॉमर्स संकाय में दिलीप राय के मेधावी पुत्र पलक राय ने 78.08 अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। इसी संकाय में सुमर लाल चौहान के मेधावी पुत्र अनुरति चौहान ने 75.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों को मिली सफलता पर अनेक लोगों ने बधाई दी है।

## आर्मी आफिसर बनना चाहते हैं

# श्रीविनायकम स्कूल के यश ने प्रदेश में प्राप्त किया दसवां स्थान



**बैतूल।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। जिसमें जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान श्री विनायकम स्कूल बैतूल के छात्र यश पवार ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा 12वीं में स्टेट मेरिट लिस्ट में दसवां स्थान सुनिश्चित किया है। इस शानदार परिणाम से परिवार एवं विद्यालय सहित पूरे जिले में हर्ष की लहर व्याप्त है। यश की इस उपलब्धि पर बैतूलबाजार निवासी परिवार सहित विद्यालय के संचालक संजय राठौर, श्री खासदेव सर, प्राचार्य एवं सभी गुरुजनों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि राज्य प्रावीण्य सूची में बैतूल जिले से एकमात्र विद्यार्थी श्रीविनायकम स्कूल से यश पवार है। इससे पूरे राज्य में बैतूल जिले का गौरव बढ़ा है। बैतूलबाजार के यश के पिता कमलेश पवार एक किसान है साथ ही टोल कर्मी भी है। आज यश की इस कामयाबी ने माता जयश्री पिता कमलेश पवार का सर गर्व से ऊंचा कर दिया है। माता पिता दोनो ही बहुत खुश है। उन्होंने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। यश पवार ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय स्कूल के टीचर्स और माता पिता को दिया है। यश ने बताया कि वह सेना में जाना चाहते है, स्कूल में जो पढ़ाया जाता था उसका डटकर रिवीजन करता था और रोजाना 6 से 7 घंटे की पढ़ाई करता था, उसमे जो भी डाउट होते थे।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा

**बैतूल।** परमात्मा से प्रेम और सद्भावना के साथ समाज कल्याण के लिए जीना ही वास्तविक धर्म है। सद्भावना, प्रेम, दया, करुणा, और स्नेह से युक्त होकर सदैव प्रसन्न रहना ही भागवत कथा सिखाती है। उक्त उद्गार पचमढ़ी के कथा वाचक, भागवत भूषण राजुल पांडे द्वारा विनोबा नगर में आयोजित भागवत कथा के प्रथम दिन व्यक्त किए। विनोद पालीवाल, दिलीप पालीवाल एवं पालीवाल परिवार द्वारा विनोबा नगर में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा में पं.राजुल ने कहा भागवत कथा जीवन के साथ भी है, जीवन के बाद भी है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से संध्या 6 बजे तक होगी। आयोजक परिवार ने लाभ अर्जित करने का आग्रह किया।

# अमानक पॉलीथीन मिलने पर जुर्माना ठोंका

## खुले में मांस मछली एवं अंडा बेचने वालों पर भी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन के उपयोग पर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद सारनी की टीम ने बुधवार को अमानक पालीथीन का उपयोग करते पाए जाने पर नगर पालिका की टीम ने दुकानदारों पर जुर्माना किया।

नगर पालिका परिषद सारनी के स्वच्छ भारत अभियान के नोडल ऑफिसर केके भावसार ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 मेरा शहर मेरी पहचान के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम के निर्देशन में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध मार्च माह से सतत जागरूक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ही नपा की टीम ने बाजारों में जांच की तो अमानक स्तर के पालीथीन में सामग्री बेचते दुकानदार मिले। इन पर चलानी कार्रवाई कर 18 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अलावा सतत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें साप्ताहिक बाजारों दुकानों एवं नागरिकों को प्लास्टिक की डांडिया,प्‌ लास्टिक स्टीकर, थर्माकोल, प्लास्टिक की प्लेट, कटोरी, चम्मच, प्लास्टिक के झंडे, प्लास्टिक के स्ट्रॉ एवं पी.वी.सी.बैनर के उपयोग करने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में नागरिकों एवं व्यापारी दुकानदारों को जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान 2024 जून माह तक निरंतर चलाया जाएगा जिसमें नागरिक को,व्यापारियों, दुकानदारों, साप्ताहिक बाजार, फल मार्केट, मटन मार्केट इत्यादि में निगरानी दलों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन दुकानदार द्वारा देते पाए जाने पर या दुकानों पर रखने पर चालानी कार्रवाई की जा रही है।नगर पालिका की सहयोगी संस्था कल्पतरु ग्रामोद्योग समिति भोपाल के सदस्यों द्वारा भी नागरिकों को कपड़े से बने बेग का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बाजारों में खुले में मांस, मछली अंडे बेचने वालो पर भी सतत कार्यवाही की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## दीक्षा जयंती पर 65 लोगों ने किया रक्तदान

**आष्टा।** श्री महावीर जन्म कल्याणक एवं जिन शासन गौरव आचार्य उमेशमुनि महाराज की दीक्षा जयंती पर जादूगर ग्रुप आष्टा ने शहरी प्राथमिक केंद्र आष्टा में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में 65 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि पारसमल सिंघवी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. नेहा अरोरा, जैन श्वेतांबर संघ अध्यक्ष पवन सुराणा एवं ग्रुप के पंकज राठी थे। शिविर में विजय खंडेलवाल, प्रदीप राठौर, त्रिलोक जैन, आनंद खंडेलवाल, आलोक वोहरा, मनीष जैन, नीलेश खंडेलवाल, गौरीशंकर राठौर, बंटी जायसवाल, सुमित मेहता, कुलदीप कोचर सहित ग्रुप के सदस्यों का सहयोग रहा। आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## बस स्टैंड पर प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**आष्टा।** शहर के बस स्टैंड पर आज गर्मी को देखते हुए लोगों की सुविधा के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया गया।बस स्टैंड के पास पुलिस चौकी के पास लगाया गया है प्याऊ आष्टा प्रेस क्लब रजिस्टर्ड की तरफ से लगाया गया है। आष्टा प्रेस क्लब रजिस्टर्ड के अध्यक्ष बाबू पांचाल ने बताया की अप्रैल माह शुरू होते ही गर्मी शुरू हो गई है ऐसे में बस स्टैंड पर यात्री इधर-उधर भटकते थे इसी को देखते हुए आष्टा प्रेस क्लब टीम ने प्याऊ खुलवाया।

## जोगेंद्र सेन ने प्राप्त किए 90.4% अंक



**सीहोर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पाटन में पढ़ने वाले जोगेंद्र सेन पिता सुनील सेन ने 12 वी की परीक्षा में 452 अंक प्राप्त किए। जोगेंद्र सेन ने बताया कि उनकी इस सफलता के पीछे स्कूल शिक्षकों की मेहनत और घर वालो का सयोग रहा है। जोगेंद्र सेन के पिता सुनिल सेन घर पर हमेशा पढ़ाई में मदद करते थे अच्छे परिणाम के लिए स्कूल में शिक्षकों द्वारा पूरी मेहनत की जाती है। अच्छे अंक प्राप्त करने पर स्कूल शिक्षकों व गांव के लोगों ने बधाई दी।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम आते ही विद्यार्थियों के खिले चेहरे

# उत्कृष्ट, सेक्रेड, मार्टिनेट, एंजल, एसबीएस स्कूल के छात्र-छात्राएं जिला मैरिट सूची में मारी बाजी

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष 23-24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया। शिक्षा मंडल द्वारा जारी मेरिट लिस्ट के आधार पर जिले ने हाईस्कूल व हॉयर सेकेण्ड्री परीक्षा में प्रदेश में 7 वॉ स्थान प्राप्त किया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले का शिक्षण स्तर बेहतर बनाने के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये थे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय तोमर ने बताया कि दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत जिले के हाईस्कूल एवं हॉयर सेकेण्ड्री में सीहोर जिले ने प्रदेश में 07 वॉ स्थान प्राप्त किया ।माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा जैसे ही आज शाम 4 बजे हाईस्कूल एवं हॉयर सैकेण्ड्री के परीक्षा परिणाम घोषित हुए वैसे ही विद्यार्थियों में उत्साह नजर आया। इसी क्रम मे नगर के विद्यालय मार्टिनेट कान्वेन्ट हॉयर सैकेण्ड्री स्कूल अलीपुर आष्टा के विद्यार्थी आयुष जाटव पिता श्री दयाराम जाटव ने हाईस्कूल परीक्षा में 95.4% प्राप्त कर जिला मेरिट सूची मे तृतीय स्थान एवं कक्षा 12वीं की छात्रा तसमिया सिद्धीकी पिता श्री कसीर अहमद ने जिला मेरिट की कामर्स संकाय मे 92.8% प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक नोशे खान एवं प्राचार्य विनीत कुमार त्रिवेदी एवं समस्त स्टॉफ ने बधाई प्रेषित की । इसी प्रकार अक्षिता रावत सुपुत्री महेंद्र रावत ने 95% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम एंजेल्स पब्लिक स्कूल आष्टा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करके परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया।

### एंजल स्कूल के मोहित ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया

शहर के एंजल्स पब्लिक हाई स्कूल आष्टा के कक्षा दसवीं के छात्र मोहित बघेल ने अपने माता पिता स्कूल का नाम रोशन करते हुऐ बुधवार को कक्षा दसवीं के आए परिणामों में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान छात्र मोहित के पिता उमेश बघेल और माता ममता बघेल न अपने पुत्र की उपलब्धि पर गर्व महसूस किया और कहा की यह उसकी मेहनत का परिणाम है वही सीहोर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय एंजल स्कूल का तथा अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया। विद्यालय परिवार मोहित के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। वही शहर के पत्रकार अमित मकोड़ी के पुत्र परिन मकोड़ी ने भी 10 वी के परीक्षा परिणाम में 87 प्रतिशत प्राप्त कर अपने माता पिता का नाम रोशन किया!

### एसबीएस कांवेंट हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा



माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल/हायर सेकंडरी परीक्षा में नगर की अग्रिणी संस्था एस बी एस कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल आष्टा ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया। विद्यालय की दसवीं कक्षा प्रथम श्रेणी में प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं रौनक सेन ने 92% अभिषेक वर्मा ने 91% ,गिरजा ठाकुर 90%, रौनक वर्मा 89% भावना पाटीदार 89%,₹ रुचि वर्मा 86%, आयुष परमार 85%, विधि चन्द्रवंशी 84%, वेदिका ठाकुर 84%, कल्पना सोनगर 81%, शुभम ठाकुर 79% लक्की ठाकुर 77% अभिषेक मेवाड़ा 77% कुमकुम मेवाड़ा 76% अनुष्का ठाकुर 75% कुमकुम ठाकुर 74% यशिका ठाकुर 73% अंशदीप ठाकुर 71% शिवम वर्मा 71% पलक मेवाड़ा 71% निखिल ठाकुर 71% आयुष ठाकुर 71% ज्योति वर्मा 70% अमन कुशवाहा 70% वन्दना मेवाड़ा 69% राजविनायक ठाकुर 69% रघुवीर ठाकुर 68% जयदीप ठाकुर 68% रविन्द्र मेवाड़ा 68%सपना कुशवाहा 68% आयुष मेवाड़ा 67% यशिका ठाकुर 67% मुस्कान विश्वकर्मा 66% अस्मिता ठाकुर 66% शुभम किरार 65% सुजल ठाकुर 65% सुमित पाटीदार 65% सुमित ठाकुर 64% परी ठाकुर 64% , विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 92% रहा ,बारहवीं की कक्षा में रितु पाटीदार ने 87% सपना ठाकुर 86% शिवानी परमार 86% कशिश ठाकुर 83% अनमोल ठाकुर 83%,सृष्टि ठाकुर 81% अर्पिता ठाकुर 81% मुस्कान करमोडिया 79% प्रियांशी मालवीय 79% यशराज बड़ोदिया 78%,कुमकुम वर्मा 77% आदित्य ठाकुर 76% आर्यन ठाकुर 75% पूजा सुलिया 75% साक्षी सोजतिया 74% अंशिकावर्मा 73%दीपक ठाकुर 72% राखी पोरवाल 72% आदित्य ठाकुर 71% प्रियंका किरार 70% हर्षिता ठाकुर 70% तनु पाटीदार 69% आदर्श ठाकुर 68%, दीपक ठाकुर 68% टीना गुणवान 65% दीपक जाट 64% दुर्गेश चन्द्रवंशी 62% , सुजल पाल 62% श्रद्धा करमोदिया 62% ऋषिराज ठाकुर 61% भविष्य विश्वकर्मा 60% कृष्णपाल ठाकुर 60% अंक अर्जित कर विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया, स्कूल के 32 छात्र/छात्राओ ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की विद्यालय संचालक श्री भोलू सिंह ठाकुर,सह संचालक श्री जीवन सिंह ठाकुर ,प्राचार्य श्रीमती रीना ठाकुर ने विद्यालय का हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 89% आने पर विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही शिक्षक महेंद्र ठाकुर ,पुष्पेंद्र ठाकुर, जितेंद्र खत्री, प्रसन्न श्रीवास्तव, धांरवा सर, शेख जावेद,राजेश बड़ोदिया,इंदर धनगर, राम विश्वकर्मा,अनिल सर,शिक्षिका पूजा सिलेरिया,अर्चना ठाकुर, तेजु मेवाड़ा, नेहा पांचाल, दिव्यांशी भूतिया,अक्षिता सेन, सरिता गौतम, पूर्वा गौतम, ज्योति जैन, रानी ठाकुर इत्यादि द्वारा छात्र-छात्राओं/को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# किराएदारों की जानकारी नहीं देने पर मकान मालिक पर होगी कार्रवाई

**पुलिस के पास नहीं हुआ वेरिफिकेशन**




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर व अलीपुर क्षेत्र में इन दोनों बाहरी लोगों को किराएदार के रूप में रख रहे हैं। इनकी कोई सूचना पुलिस को नहीं दी जा रही है। जिससे इनका पुलिस के पास भी कोई वेरिफिकेशन नहीं है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किराएदारों की जानकारी नहीं देने पर मकान मालिक पर ही कार्रवाई की जाएगी।

नगर में इस समय छात्रों के अलावा बाहरी लोग बड़ी संख्या में नगर की कई कॉलोनी में रह रहे हैं। किराए के लालच में मकान मालिक भी उनके बिना जांच पड़ताल किए ही अपने मकान में रहने दे रहे हैं। इसकी सूचना मकान मालिक पुलिस को नहीं देते हैं। स्वयं भी किराएदार का फोटो, आधार कार्ड, वोटर आईडी नहीं लेते हैं। जिससे यह होता है कि बाहरी व्यक्ति अपराध करके निकल जाता है। इसकी कोई सूचना नहीं मिल पाती है। कुछ मकान ऐसे भी हैं जिनमें मकान मालिक नहीं रहते। ऐसे में किराएदारों की गतिविधि के बारे में मकान मालिकों को भी पता नहीं रहता है। जिसे पकड़ने में पुलिस को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।

बिना जांच के दे रहे किराए पर मकान मकान मालिक शहर के व्यक्ति व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोग जो नगर में कार्य करते हैं या फिर अपनी पढ़ाई करने के लिए किराए से रहते हैं। उन्हें कम ही मकान मालिक किराए से कमरे देते हैं। लेकिन अगर कोई बाहर का व्यक्ति आता है तो उसे मनमाने रेट पर देते है। यहीं लालच मकान मालिक को रहता है।इसलिए वो ज्यादातर बाहरी व्यक्ति को बिना जांच पड़ताल के मकान किराए से दे देता है।

## कालूराम बामनिया को पद्मश्री सम्मान से राष्ट्रपति ने किया स्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुड़ी पड़वा के पावन पर्व दिनांक 9 अप्रैल को श्री मानस भवन के विशाल प्रांगण में अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर आष्टा अंचल के धार्मिक जन को आनंदित करने वाले कालूराम बामनिया को 22 अप्रैल को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू ने अपने कर कमलों से श्री बामनिया को प्रतिष्ठित पुरुस्कार पदम श्री से सम्मानित किया। समीप नगर टोंक खुर्द सोनकच्छ के निवासी श्री बामनिया कबीर भजनों के गायन में प्रसिद्ध है। गुड़ी पड़वा पर्व पर प्रभु प्रेमी संघ के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सुंदर प्रस्तुति पश्चात उनको राष्ट्र स्तर पर सम्मानित किए जाने पर प्रभु प्रेमी संघ ने उनको बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया है। प्रभु प्रेमी संघ के डाक्टर राजेंद्र मालवीय भजन गायक ने कहा की स्वामी अवधेशानंद महाराज के संपर्क और समन्वय से आष्टा में उच्च कोटि के कलाकार तथा अन्य विधा के प्रतिष्ठित जन आते है और आष्टा को धर्म मय बनाते है।

# सेंटपॉल स्कूल ने जमा की बकाया टैक्स राशि




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर परिषद जावर में 12 सालों से लंबित टैक्स सेंटपाल स्कूल ने 6 लाख किया जमा बकाया टैक्स को लेकर कई बार आमने सामने हुए सेंटपॉल स्कूल और नगर परिषद जावर बकाया राशि को लेकर नोटिश के सवाल जवाब तक हुए लेकिन लगातार उपाध्यक्ष एवं पार्षद उक्त मामले में जावर तहसीलदार एवं नगरीय निकाय के आला अधिकारी एवं कानूनी सलाकर एवं नगर परिषद अधिकारी कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग रहा। सीहोर जिले की नगर परिषद जावर में तेजसिंह कप्तान नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं पार्षद वीरेन्द्र ठाकुर का लगातार प्रयास लाया रंग 2011 से 2023 से जो कि सालों से बकाया टैक्स राशि 6 लाख रुपए जमा करना पड़ी सेंटपॉल स्कूल जावर ने संबंधित राशि को लेकर उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान एवं पार्षद वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि यहाँ राशि लम्बे समय से कर्मचारियों का जो टीए डीए बकाया है उनको दी जावेगी मिली जानकारी के अनुसार लम्बे समय से राशि जो कि लगभग 18 लाख बकाया है जिसमे से दिनांक 24/4/2024 को 6 लाख जमा की गई।

## 9 दिवसीय नवपद ओली जी का हुआ समापन



**आष्टा।** चैत्र माह में नगर के विभिन्न समाजों के धार्मिक स्थलों पर धर्म आराधना भक्ति-भाव के साथ की गई। श्री महावीर स्वामी श्वेतांबर जैन मंदिर नजर गंज में महिलाओं ने 9 दिनों तक नवपद ओली जी की आराधना व तपस्या भक्ति भाव से की। नवपद ओली जी की तपस्या में महिलाएं बिना नमक का भोजन मंदिर के उपाश्रय में एक साथ और एक ही समय करती है। उसके पहले धर्म आराधना, पूजा भक्ति करती है।गंज मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र मास में नवपद ओली जी की आराधना समाज की महिलाएं करती है। चैत्र पूर्णिमा का इस नवपद ओली जी की आराधना में विशेष महत्व बताया गया है।

# जीने की राह बताती है श्रीराम, हनुमान कथाः आचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जीवन में भाई-भाई के साथ, पुत्र-पिता के साथ, पत्नि-पति के साथ, मित्र-मित्र के साथ तथा अपने से असहमत जन के साथ कैसा हम व्यवहार करें यह श्रीराम कथा सिखाती है। धार्मिक कथाएं जब ही हमें फल देती हैं जब हम प्रभु में तथा अपने ईष्ट में पूर्ण श्रद्धा व विश्वास रखें। इससे और भी गहराई में जाएं तो श्रीराम कथा हमें स्वयं का धर्म क्या हो, कर्म क्या हो यह बताती हैं।

यह बातें श्री मारुती नंदन रूद्रयत पुनर्रावति हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा, पूजन हवन प्राण प्रतिष्ठा तथा राम, हनुमान कथा के दौरान व्यास पीठ पर विराजित वृंदावन से पधारे आचार्य द्रोणवीर ने कहीं। साथ ही कार्यक्रम पूर्ण धार्मिक विधि विधान से संपन्न हुआ। गांव सियाखेड़ी जोड़ पर संयोजक दिलीप परमार ने अपने परिवारजन तथा ग्रामीणजन के सहयोग से कार्यक्रम को संयोजित किया था। समापन बेला के अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री तथा नगरपालिका परिषद आष्टा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि आयोजक ने अथक श्रम कर सुन्दर आयोजन किया तथा प्रख्यात प्रवचनकार आचार्य द्रोणवीर जी ने मनोहरी कथा कहकर हम सब को जीवन जीने हेतु एक पथ दिखाया है। आयोजकों ने पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार से व्यास पीठ की पूजा भी करवाई।

# गरबा विसर्जन के साथ 15 दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम खाचरोद में स्थित 200 वर्ष पुराने प्राचीन मां अंबे के मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिन से चल रहा अखंड ज्योति के कार्यक्रम का गुरुवार को गरबा विसर्जन के साथ समापन हो गया।

पिछले 15 दिनों से मां अंबे के दरबार में हवन पूजन तुलादान व महाआरती का कार्यक्रम चल रहा था। जहां आसपास ग्रामीण क्षेत्र के धर्म प्रेमी बंधुओं ने अपनी मन्नत पूरी होने पर माता के मंदिर में आकर अपने बच्चों का तुलादान किया व मां अंबे से आशीर्वाद लिया। ग्राम वासियों ने हवन पूजन महा आरती कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया। जहां समस्त ग्राम वासियों ने प्रसादी ग्रहण की सोमवार को गरबा विसर्जन के साथ मां अंबे की ज्योति का जुलूस ग्राम के मुख्य मार्गो से होता हुआ ग्राम में स्थित तालाब पर पहुंचा।

जहां महा आरती के बाद ज्योति का विसर्जन किया गया। इस मौके पर पंडित दिनेश शर्मा, राजेश जोशी, मांगीलाल पटेल, पवन ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, गोलू ठाकुर आदि रहे मौजूद।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रशीदा पुत्री राब्बीर हुसैन मेरे पूर्व मे बने पासपोर्ट मे मेरा नाम त्रुटिवश रशीदा सैफी (Rashida Saify) अंकित हो गया था। वर्तमान मे शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम रशीदा (Rashida) पुत्री शब्बीर हुसैन अंकित जो सही है अतः भविष्य मे रशीदा पुत्रो शब्बीर हुसैन के नाम से जाना व पहचाना जावे नि. सुभाष रोड़ वार्ड नं.-02 पचमढ़ी तह. पिपरिया जि. नमंदापुरम (म.प्र.)

### चैत्र मास के पर्यूषण महापर्व पर महिला मंडल की महिलाओं ने झुलाया पलना

# सामूहिक पूजा-अर्चना का विशेष महत्व हैः मुनि सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



क्षमा आपके पास है और क्रोध उनके पास है। क्षमा वीरों का आभूषण है।कोई क्षमा मांगता है तो क्षमा अवश्य करें, क्रोध नहीं करें। वर्तमान में सम्यक है, दर्शन है लेकिन मोक्ष नहीं है। सामूहिक का आनंद अलग है, सामूहिक पूजा -अर्चना करें। पूजा व जिनवाणी पूर्ण होने पर ही उठे,बीच में नहीं उठना चाहिए। संवर्ग निर्जरा सामूहिक पूजा अर्चना करने से होती है।

आप लोग जीवन को उन्नत व सम्यक प्राप्त करना चाहते हो तो अहम छोड़ दो। आने वाली पीढ़ी को दायित्व सौंपों। युवाओं से ही देश व धर्म की रक्षा होगी। धर्म आराधना करने के लिए लोगों के पास समय नहीं है। शिखर जी से अच्छा आनंद श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर पर आता है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनिश्री ने कहा आप लोगों का मन किला से नीचे लगता है, हमारा मन किला पर लगता है, क्योंकि यह किला मंदिर सम्मेद शिखर से कम नहीं है। हमेशा त्यौहार का माहौल बना रहे। गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज की यहां समाधि से सोना में सुहागा हो गया। सबसे क्षमा सबको क्षमा मांगी। चैत्र मास के पर्यूषण महापर्व के समापन पर क्षमा पर आपने कहा कि दुश्मन से बातचीत कर क्षमा मांगे। चैत्र माह में दसलक्षण पर्व मनाए। यह महा पर्व है, इसमे भी सार निकाल कर कुछ पाने का प्रयास करे। आपने कहा कि इन सभी पर्वो का सार क्या है, हम लोगो ने मोह महा मद पियो अनादि से सद्गुरु के सानिध्य बिना कुछ सम्भव नही ।गुरु वाणी सुन कर बड़ो की सीख सुन कर ही कल्याण कर एकता से रहे। जितने भी हमारे पर्व है भीतर अर्थात मन की सफाई के पर्व है, बाहर की सफाई के नही। मुनि सागर महाराज ने कहा सुनना सरल है जीवन मे उतारना उतना ही कठिन है।दोस्त दुश्मन न बन जाये दुश्मन दोस्त बन जाये ,ऐसे कार्य करें ,ऐसा व्यवहार करें। सोलहकारण भावना के माध्यम से ही तीर्थंकर भगवान ने मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया था।जो छोटे होते है उनको थोड़ा प्यार दे दो।आज क्षमा वाणी पर्व है ,अपने अंदर क्षमा भाव को धारण करें। अपनी वाणी को संभाले।

दैनिक जीवन मे साल में तीन बार आने वाली क्षमा पर्व पर हल्का हो लिया करो ,जिनसे गलती होती हो उनसे क्षमा मांग कर मन को साफ कर लिया करो। क्रोध का भाव छोड़ कर अपना जीवन सफल बना लो। गांठ बना कर मत रखना, इसी लिए यह दसलक्षण पर्व आये है,साल में तीन बार आते है ।पर्व माघ मास में ,चैत्र मास में तथा भादो मास में, इसी तरह मना कर धर्म प्रभावना करते रहे।

## खबर संक्षेप

### 4 आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश जारी

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आदित्य सिंह ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 4 आरोपियों को 6-6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। जिन 4 आरोपियों को जिला बदर किया गया है, उनमें कृष्णा पिता दारासिंह कुचबंदिया निवासी वार्ड क्रमांक 5 खिरकिया थाना छीपाबड़, आशीष पिता राजेश राजपूत निवासी ग्राम नयागांव थाना टिमरनी, मनीष पिता मांगीलाल तंवर निवासी रहटगांव थाना रहटगांव व परमानंद पिता गोकुल प्रसाद विश्नोई निवासी ग्राम रेवापुर थाना सिविल लाइन हरदा शामिल हैं। जिला बदर की 6 माह की अवधि में ये आरोपी न केवल हरदा जिले की सीमा में, साथ ही पड़ोसी जिले खंडवा, नर्मदापुरम, बैतूल, सीहोर और देवास जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### गेहूं उपार्जन के लिए किसान स्लॉट बुक कराएं

**हरदा।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि गेहूं उपार्जन का कार्य प्रदेश में 20 मार्च से 7 मई तक किया जाना है। किसानों को उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की सुविधा अंतिम 10 दिवस को छोड़कर की जा सकेगी। स्लॉट की वैधता अवधि 7 कार्य दिवस होगी। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है कि उपार्जन अवधि समाप्त होने के पहले अपने गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुक करा लें।

### 7 को मजदूरों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में 7 मई को मतदान होगा। सभी मजदूरों एवं कामगारों को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। जिला श्रम पदाधिकारी ने जिले के सभी कारखाना संचालकों व दुकानदारों को निर्देश दिए हैं कि उनके संस्थान में कार्यरत मजदूरों को 7 मई को मतदान करने जाने के लिए संस्थान का साप्ताहिक अवकाश घोषित करें। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सातों दिन कार्य करते हैं, वे श्रमिकों को मतदान के लिए 2-2 घंटे के अवकाश की सुविधा उपलब्ध कराएं। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि मतदान के लिए जाने के कारण अनुपस्थित होने पर किसी मजदूर का वेतन न काटा जाए। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि नियोजक द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में मतदान के लिए जाने पर मजदूर को सवैतनिक अवकाश देने का उल्लेख किया गया है।

### किसानों को मिलेगा आरओ का पानी

**हरदा।** कृषि उपज मंडी में अब किसानों को आरओ का पानी मिलेगा। मंडी कैंटीन के सामने प्रवेश पर्ची मिलने वाले स्थान के पास गुरुवार को आरओ लगाया गया है। मंडी सचिव मोहन सिंह चौहान ने बताया कि मंडी प्रांगण में उपज बिक्री के लिए आने वाले किसानों के लिए दो वाटर कूलर लगाए गए हैं। जिनमें किसानों को आरओ का शुद्ध पानी मिलेगा। उन्होंने बताया कि लगाए गए आरओ की क्षमता पांच सौ लीटर है। मंडी प्रबंधन ने किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनके लिए गर्मी में छांव व शीतल जल की व्यवस्था की है।

### कृषि वैज्ञानिकों ने मूंग फसल का किया निरीक्षण

**हरदा।** कृषि विज्ञान केंद्र हरदा के वैज्ञानिक डॉ. सर्वेश कुमार व डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया ने गुरुवार को ग्राम नकवाड़ा, बूँदड़ा, बालागांव, कनारदा, सुखरास, कुकरावद व रहटा का भ्रमण कर ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का निरीक्षण किया। कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख डॉ. संध्या मूरे ने बताया कि वर्तमान में मूंग फसल वानस्पतिक वृद्धि व विकास की स्थिति में है, निरीक्षण के दौरान फसल में किसी प्रकार का रोग व कीटों का प्रकोप नहीं देखा गया। फसल सामान्य रूप में देखी गई। फसल निरंतर निगरानी के लिए कृषकों को सलाह दी गई।

### विजेन्द्र परमार नेशनल रेफरी के लिए चयनित

**सीहोर।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से स्ट्राइकर के रूप में सीनियर टीम में खेलने वाले विजेन्द्र परमार नेशनल रेफरी के लिए चयनित हुए हैं। गुजरात में आयोजित आल इंडिया फेडरेशन द्वारा नेशनल रेफरी का फिटनेश टेस्ट का आयोजन किया गया था। इस टेस्ट में परमार ने सफलता प्राप्त की।

भीकनगांव अनुविभाग में मिली 22 प्रकरणों में अनुमति, रात के अंधेरे में खनन के बाद मशीनें हो जाती है चंपत.!

# निजी नलकूप खनन को लेकर मध्यस्थों की भूमिका संदिग्ध, अनुमति लेने में हो रहे सफल

**ग्रामीणजन पेयजल संकट के दौर से गुजर रहे, प्रशासन आचार संहिता के चलते निर्वाचन कार्यों में है व्यस्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 प्रभावशील कर दिया है। फिर भी नलकूप खनन से जुड़े 'मध्यस्थ' अनुमति लेने में सफल हो रहे हैं। एसडीओ (राजस्व) कार्यालय भीकनगांव द्वारा अप्रैल माह में ही 22 प्रकरणों में अनुमति जारी की गई है। वहीं रात के अंधेरे में नलकूप खनन और फिर बोरिंग मशीनों के चंपत होने की घटनाएं भी चिंतित करने वाली हैं।

इन दिनों भूमिगत जल स्तर 600 फुट से भी नीचे चला गया है और ग्रामीणजन पेयजल संकट के दौर से गुजर रहे हैं। लेकिन पीएचई विभाग को इस भीषण गर्मी में भी नलकूप खनन की एक भी स्वीकृति नहीं मिली है। जबकि वर्ष 2021-22 में 99 और वर्ष 2022-23 में 49 नलकूप खनन किए गए थे। इन दिनों सम्पूर्ण प्रशासन आचार संहिता के चलते निर्वाचन कार्यों में व्यस्त हैं। वहीं दूसरी ओर निजी नलकूप खनन के कार्यों में तेजी आई है। ग्राम साईखेड़ा के राजाराम मोये ने बताया कि आमतौर पर दिन में बोरिंग मशीनें किसी सुरक्षित स्थान अथवा शासकीय भवनों के आसपास खड़ी रहती है और अंधेरा होने पर अन्यत्र चली जाती है। जबकि खनन के पूर्व किसी जिम्मेदार द्वारा अनुमति की पुष्टि नहीं करने से अवैध खनन की आशंकाओं को बल मिल रहा है।



#### प्रभावी लोगों का भी वर्चस्व

निमाड़ अंचल में कभी तमिलनाडु की बोरिंग मशीनों का बोलबाला था और वहां से आने के दौरान वे झुमकी (हेलापडावा) घाट पर दुर्घटना ग्रस्त हो जाती थी। लेकिन इनकी संख्या और दुर्घटनाओं में कमी आई है। जबकि जिले के कतिपय प्रभावी लोग भी इस व्यवसाय से जुड़ गए हैं और उन्होंने भी कुछ मशीनें खरीद ली है। उनका संबंधित कार्यालयों में सिक्का चलता है और वे अनुमति और खनन कार्यों में अपने प्रभाव का उपयोग कर रहे हैं। जबकि वर्षों से इस कारोबार से जुड़े मध्यस्थों ने कुछ होटलों से अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। वे भी पूर्वानुसार ही मशीनों की व्यवस्था कर अनुमति और खनन करने का कार्य करा रहें हैं। इन सभी की गतिविधियां जिले के अनुविभागीय (राजस्व एवं पीएचई) कार्यालयों के इर्द गिर्द रहती है।

#### नलकूप खनन की 22 अनुमति जारी

एसडीओ (राजस्व) भीकनगांव द्वारा 1 से 20 अप्रैल तक नलकूप खनन की करीब 22 अनुमति जारी की गई है। इनमें झिरन्या में 2 और भीकनगांव में 20 प्रकरणों में अनुमति मिली है। जिसके अनुसार रुफाटा, साईंखेडा (झिरन्या) और भीकनगांव के मालखेडा (दो), छिरवेल, चिकलवास, लालखेड़ा, दयालपुर, पिपराड़ (दो), भीकनगांव (पांच), अंदड़, केदवां, बसंतपुरा, हांडीकुण्डी, बिरुल, अंदड़ में नलकूप खनन किये जा रहे हैं। इनका उपयोग पेयजल, सिंचाई में हो रहा है अथवा भवन निर्माण में.? यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

#### दो वर्ष के कारावास का है प्रावधान

हालांकि कलेक्टर शर्मा ने पीएचई विभाग के प्रतिवेदन पर जिले में 15 मार्च को परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 (क) को 30 जून तक नलकूप खनन प्रतिबंधित किया है। केवल शासकीय पेयजल व्यवस्थाओं को छोड़कर, अन्य प्रयोजनों के लिए नलकूप खनन की अनुमति क्षेत्रीय एसडीओ (राजस्व) द्वारा दी जा सकेगी। वहीं जिले में बहने वाली नदियों, नालों (नर्मदा नदी को छोड़कर) से पेयजल एवं निस्तार के अतिरिक्त सिंचाई तथा अन्य प्रयोजनों के लिए जल का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर 2 वर्ष तक का कारावास एवं 2 हजार रुपये जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

#### इनका कहना है...

निजी नलकूप खनन के लिए झिरन्या में 5 और भीकनगांव में 21 अनापत्ति दी गई है। जिसमें दो नलकूप खनन के मध्य 500 मीटर की दूरी होना आवश्यक है। इसके अलावा अनुमति जारी करने के अधिकार एसडीओ राजस्व भीकनगांव को है।

- जीके गुप्ता, प्रभारी एसडीओ, पीएचई, भीकनगांव

**सिलमपुरा शिकारपुरा क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस**

## गणित में सप्लीमेंट्री मिलने पर छात्र ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

गणित विषय में सप्लीमेंट्री मिलने पर एक छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल का हायर सेकंडरी हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित हुआ। शहर की निजी स्कूल इम्पिरियल अकेडमी में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के एक 18 वर्षीय छात्र को मैथेमेटिक्स विषय में सप्लीमेंट्री आई। इसके कारण डिप्रेशन में आकर बुधवार रात उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम हुआ। रितेश के परिजन बात करने की स्थिति में नहीं थे। उनके एक रिश्तेदार ने बताया एक विषय में सप्लीमेंट्री आने पर उसने यह कदम उठाया। शहर की निजी स्कूल इम्पिरियल अकेडमी में अध्ययनरत सिलमपुरा संजय नगर निवासी छात्र ने देर रात अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह परिजन से बेटे को फांसी पर लटकता देखा तो दंग रह गए। पुलिस को सूचना दी गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में शव परिजन के सुपुर्द किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकारपुरा थाना प्रभारी कमलसिंह पवार ने बताया कक्षा 12वीं के छात्र को मैथेमेटिक्स विषय में सप्लीमेंट्री मिली। इससे आहत होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच में प्रथम दृष्टया यही सामने आया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम कर शव परिजन के सुपुर्द किया गया। मामले की जांच की जा रही है। इधर, पोस्टमार्टम के लिए शव जिला अस्पताल पहुंचा तो काफी संख्या में रिश्तेदार, परिजनों की भीड़ लग गई।

## मतदान कर विद्यार्थियों ने जानी मतदान की प्रक्रिया



**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मतदाता जागरुकता गतिविधियों के तहत गुरूवार को हरदा शहर के मॉडल हायर सेकण्ड्री स्कूल में विद्यार्थियों के लिए मतदान आयोजित कर उन्हें मतदान की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं मतदान कर मतदान की प्रक्रिया जानी। इसके अलावा शासकीय कन्या हायर सेकण्ड्री स्कूल में नारे लेखन प्रतियोगिता, रांगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदान की शपथ दिलाई गई। स्कूल में छात्रों ने नारे लेखन के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया। इसी तरह हरदा शहर के आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपस्थित महिलाओं को मतदान की शपथ दिलाई गई।

### सी-विजिल एप पर उल्लंघन की सीहोर में 119 शिकायतें

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के लिए आचार संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से सी-विजिल एप पर आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। ?सी-विजिल एप? पर 16 मार्च से 23 अप्रैल तक आचरण संहिता उल्लंघन की सीहोर में 119, शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। राजन ने बताया कि नागरिक को आचरण संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो ?सी-विजिल एप? पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट में कार्रवाई की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श निर्वाचन आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है।

## स्पेशल पुलिस ऑफिसर एसपीओ को दिया चुनावी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग व पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार पाटीदार के निर्देशन में पुलिसकर्मियों, स्पेशल पुलिस ऑफिसर एसपीओ का चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण से शेष बचे एसपीओ का गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम में चुनाव प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने के उद्देश्य से ये प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार, रक्षित निरीक्षक सुनील कुमार दीक्षित द्वारा चुनाव के संबंध में ट्रेनिंग दी गई। मध्यप्रदेश पुलिस एकेडमी भोरी द्वारा तैयार की गई चुनाव संबंधी एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रशिक्षुओं को दिखाई गई। प्रशिक्षण में स्पेशल पुलिस ऑफिसर के रूप में नियुक्त कर्मियों को निर्वाचन की ड्यूटी में उनके कर्तव्य, ड्यूटी के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों, सुरक्षा व्यवस्था बनाने में उनकी जिम्मेदारी का महत्व बताते हुए ट्रेनिंग दी गई। कुल करीबन 200 से अधिक एसपीओ चुनाव ट्रेनिंग में शामिल हुए।




## वृद्ध मतदाताओं का सम्मान, मतदान की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मतदाता जागरुकता गतिविधियों के तहत शहर के वार्ड क्रमांक 1 में वृद्ध मतदाताओं का सम्मान कर उपस्थित महिलाओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। टिमरनी की छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर तथा संस्कार विद्या पीठ हरदा के छात्रों द्वारा पोस्टर बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारखेड़ा, लाखादेह व सोडलपुर में 7 मई को लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदान की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा एकीकृत शाला मालेगांव, पांढरमाटी में मतदान की शपथ दिलाई गई। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिराली में विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई गई तथा रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया।



## दूल्हे ने मांगा दहेज, दुल्हन ने किया शादी से इंकार: कार और 5 लाख देने से मना किया तो वर पक्ष ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में एक लड़की ने दहेज के खिलाफ आवाज उठाई और बारात को बेरंग लौटा दिया। इतना ही नहीं थाने पहुंचकर बुधवार दोपहर दूल्हे और उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज करवाई। मामला सीहोर के वार्ड -15 का है। दूल्हा और बाराती नशे में धुत होकर पहुंचे और दहेज में 5 लाख रुपए नकद और कार की मांग कर दी। लड़की ने शादी से मना किया तो मारपीट की, जिसमें दोनों पक्ष के 6 लोगों को चोट आई है।

पिता अजब सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि ग्यारसपुर, विदिशा के रहने वाले घनश्याम अहिरवार से कुछ समय पहले उन्होंने बेटी प्रिया का रिश्ता तय किया था। मंगलवार देर शाम बारात आई। बारात का स्वागत कर जनमासे में पहुंचाया। रात 11 बजे जब बारात घर पर लगी तो दूल्हा समेत बारातियों ने जमकर शराब पी रखी थी। जब हम उनका स्वागत किया तो वो हमसे अभद्र व्यवहार करने लगे। इतना ही नहीं तिलक के दौरान 21 हजार देने पर नशे में दूध दूल्हा और बाराती भड़क गए और कार और पांच लाख मांगने लगे। मैंने कहा- दहेज को लेकर तो हमारी कोई बात नहीं हुई थी। हम अपनी हैसियत के हिसाब से आपको सबकुछ दे रहे हैं। यह सुनते ही वे भड़क गए और मारपीट करने लगे। थाने पहुंची दुन्हन प्रिया ने बताया कि रिश्ता तय होने के बाद सबकुछ ठीक चल रहा था। आखिरी तक दूल्हा या उनके घरवालों ने किसी प्रकार से दहेज को लेकर बात नहीं की। 23 अप्रैल को देर शाम बारात आई। बाराती तो नशे में धुत थे ही, दूल्हे ने भी जमकर पी रखी थी। नशे में होने के बाद भी पिता और भाई ने उनका आदर-सत्कार किया। रात 11 बजे बारात लगी और पिता ने टीका किया। उन्होंने शगुन में 21 हजार रुपए दिए। दूल्हे के पिता ने कहा- ये क्या शगुन है, हमें 5 लाख रुपए नकद और कार चाहिए। मुझे जब पता चला कि ये दहेज मांग रहे हैं तो मैं दुल्हन के लिबास में ही बाहर आई और शादी से मना कर दिया। मेरे मना करने पर ये लोग भड़क गए। बोले- तुम शादी कैसे नहीं करोगी देखते हैं। शादी भी होगी और दहेज भी लेकर जाएंगे। इस पर पिता जी ने कहा- लड़की ने मना कर दिया तो अब शादी नहीं होगी। यह सुनते ही इन्होंने मारपीट शुरू कर दी। दूल्हे घनश्याम ने तो कमर में लटकी तलवार बाहर निकाल ली और उसे भांजने लगा। हमले में मेरे चाचा और भाई को घायल कर दिया। उन्होंने दहेज और दूसरा सामान तोड़ दिया। साा ही धमकी दी कि बाहर नजर आए तो जान से खत्म कर देंगे। लड़की का कहना है कि शादी में जो भी हमारा नुकसान हुआ है। वह भरपाई की जाए, क्योंकि पिता ने मेहनत मजदूरी कर जो कुछ बचाया था, वह सब मेरी शादी में लगा दिया। पुलिस इन पर सख्त से सख्त कार्रवाई कार्रवाई करे।